दिनांकः 23.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में आठ राज्यों के 58 निर्वाचन क्षेत्रों में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी दस सीट, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ, दिल्ली की सभी सात सीट, ओडिसा की छह, झारखण्ड की चार और जम्मू–कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। इन सभी संसदीय क्षेत्रों में कुल आठ सौ 89 उम्मीदवार मैदान में हैं।

....

राज्य में फिलहाल भीषण गर्मी और लू का दौर जारी रहेगा। मौसम केन्द्र, जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार अगले दो–तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है। इसके साथ ही कहीं–कहीं तेज हीटवेव चलने और रात के समय भी ऊष्ण लहर जारी रहने के आसार हैं।

इस बीच, बीते 24 घंटों में राज्य के ज्यादातर हिस्से प्रचंड गर्मी की चपेट में रहे। बाड़मेर में पारा कल 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जैसलमेर, फलौदी, चूरू, जालौर, वनस्थली और फतेहपुर में भी अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर, कोटा, पिलानी, डूंगरपुर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। राजधानी जयपुर में पारा 45 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

बालोतरा में निर्माणाधीन साइट पर तेज गर्मी से दो मजदूर बेहोश हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसमें से एक की मृत्यु हो गयी। भीषण गर्मी के इस दौर में अलवर और कोटपूतली शहर में पानी की किल्लत देखी जा रही है। लोगों ने टैंकर से पानी की नियमित सप्लाई की मांग की है।

....

प्रदेश में आज से वॉटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गिनती की जा रही है। आज सुबह आठ बजे से शुरू हुई गणना कल सुबह आठ बजे तक जारी रहेगी। ये गणना सीतामाता और बस्सी सेंचूरी, टेरिटोरियल एरिया और मृग वन तथा अन्य कई क्षेत्रों में की जा रही है। इसके लिए वॉटर होल के आस–पास मचान भी बनाये गये हैं और कैमरा ट्रेक लगाये गये हैं। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ वन्यजीव प्रेमी भी इस प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक पी. के. उपाध्याय इसकी निगरानी कर रहे हैं। इस दौरान बाघ, बघेरे, भालू, सियार और हिरणों सहित अन्य जीवों की संख्या का आंकलन किया जाएगा। इसके लिए सीकर में 88, भीलवाड़ा में 49, जैसलमेर में 44, डूंगरपुर में 38 और भरतपुर में 23 वॉटर होल बनाये गये हैं। विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर सवाईमाधोपुर में कछुए के प्रजनन और संरक्षण को लेकर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

....

भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बुद्ध की सहिष्णुता और सदाचार सभी के लिए प्रेरणादायी है। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं सभी का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। मंदिरों में दर्शनार्थियों की कतारें हैं। वहीं सरोवरों और जलाशयों में पवित्र स्नान तथा दान पुण्य का सिलसिला जारी है। भरतपुर के बिहारी जी मंदिर में संकीर्तन का आयोजन किया गया है। वहीं गोवर्धन धाम पर श्रद्धालु सप्तकोसी परिक्रमा लगा रहे हैं। जैसलमेर के लक्ष्मीनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ है। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं को शरबत वितरित किया जा रहा है। झालावाड़ के झालरापाटन में चंद्रभागा नदी पर सुबह

से ही भक्त पवित्र डुबकी लगाकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी के कारण जिले के गौमती सागर पर लगने वाला पशु मेला स्थगित कर दिया गया है।
बुद्ध पूर्णिमा को बैशाख पूर्णिमा और पीपल पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। ग्रामीण इलाकों में मांगलिक आयोजन हो रहे हैं और कई स्थानों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन रखे गये हैं। पीपल पूर्णिमा के अवसर पर अबूझ सावा होने के कारण संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा सतर्क और कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

....

चार धाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तराखंड प्रशासन ने हर साल श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ये निर्णय लिया है। पवित्र धामों की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा से पहले पंजीकरण कराना आवश्यक होगा तथा केवल पंजिकरण की तिथि को ही दर्शन करने की अनुमति होगी। इसके साथ ही प्रशासन ने 31 मई तक वीआईपी दर्शन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

....